# रंगीला फागण का मेला आया है भजन लिरिक्स

श्याम के मंदिर में,
हो रहा खूब धमाल,
जिधर भी देखो उधर,
उड़ रहा रंग गुलाल,
अपना दीवाना सांवरिया ने,
सबको बनाया है,
रंगीला फागण का मेला आया है,
रंगीला फागन का मेला आया है।bd।

---

मेरे श्याम का द्वारा हाँ जी हाँ,
लगे प्यारा प्यारा प्यारा हाँ जी हाँ,
गूंजे जयकारा हाँ जी हाँ,
हारे का सहारा हाँ जी हाँ,
किस्मत वालों को खाटू,
बाबा ने बुलाया है,
रंगीला फागन का मेला आया है।bd।

---

सारे हमजोली श्याम के दर,
करते हैं ठिठोली श्याम के दर,
चले बना के टोली श्याम के दर,
खेलन को होली श्याम के दर,
अपने प्रेमियों को पागल,
बाबा ने बनाया है,
रंगीला फागन का मेला आया है।bd।

---

लीले असवारी खाटू में,
मारे पिचकारी खाटू में,
इत्तर की फुहारी खाटू में,
चढ़े अजब खुमारी खाटू में,
‘कुंदन’ पे रंग सांवरिया ने,
अपना चढ़ाया है,
‘प्रीती’ पे रंग सांवरिया ने,
अपना चढ़ाया है,
रंगीला फागन का मेला आया है।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम के मंदिर में,
हो रहा खूब धमाल,
जिधर भी देखो उधर,
उड़ रहा रंग गुलाल,
अपना दीवाना सांवरिया ने,
सबको बनाया है,
रंगीला फागण का मेला आया है,
रंगीला फागन का मेला आया है।bd।

**Singer – Priti Sargam Singh**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com